हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

11 'डेढ़ इंच ऊपर' नाटक का मंचन


12 नगर निगम ने लगाए वार्डों में कैंप, कम लोग पहुंचे ....


6वीं से 12वीं के छात्रों के लिए खास खबर

अब सपने पूरे होंगे आईआईटी, नीट की तैयारी के, वो भी कम फीस में रोहतक में ही

फीचर इम्पैक्ट

## 11वीं, 12वीं और 12वीं पास विद्यार्थी हो जाएं तैयार, ये रविवार आपके लिए खास

हरियाणा की नं. 1 कोचिंग संस्था कोटा क्लासिज रोहतक में कोटा की टॉप फैकल्टी है। जिन्होंने आईआईटी/नीट मेडिकल में प्रथम रैंक देने का इतिहास रचा है। 11वीं, 12वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 7 अप्रैल को कोटा पैटर्न का सबसे बड़ा मेगा सेमिनार व स्कॉलरशिप टेस्ट रोहतक में होने जा रहा है। इस स्कॉलरशिप टेस्ट में आपको कोटा की टॉप फैकल्टी से फ्री में पढ़ने का मौका मिल सकता है। इनका दावा है कि मात्र 1 क्लास अटैंड करने से आप मान जाएंगे कि रोहतक में भी देश की नं. 1 फैकल्टी है, जिनसे पढ़कर हम भी टॉपर बन सकते हैं।




### 100% तक स्कॉलरशिप मिलेगी
रविवार **7 अप्रैल** को रोहतक में कोटा का सबसे बड़ा स्कॉलरशिप टेस्ट का हिस्सा बनें और पाएं 100% स्कॉलरशिप
- कक्षा 6 से 12वीं तक पढ़ रहे विद्यार्थियों को 100% तक की स्कॉलरशिप के साथ-साथ फ्री में टॉप स्कूलों में पढ़ने का अवसर मिलेगा।
- नीट/आईआईटी के लिए क्रेश कोर्स कोटा पैटर्न का मिलेगा, जिसमें पढ़ने के साथ सफलता आपके कदम चूमेगी।

### फ्री रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य
विद्यार्थियों के लिए इस मेगा सेमिनार व स्कॉलरशिप टैस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है, जो बिल्कुल फ्री है। संपर्क करें : **कोटा क्लासिज,** सालासर कॉम्पलैक्स, मॉडट टाऊन, नजदीक सीआर पोलटैक्निक कॉलेज, रोहतक या फिर इन नम्बरों पर भी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं - **98964-51410, 97285-44433**

Farm House
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
मात्र 20 लाख में
NOC ZONE पक्की रजिस्ट्री
M. 8950904219
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर
44 फुट चौड़ी सड़के, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/

### शहर में आज
- सुबह दस बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय सेक्टर 36 ए सनसिटी में प्रदेश महामंत्री (संगठन) फणींद्र नाथ शर्मा ध्वजारोहण करेंगे।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।

### बिजली कट
- सुबह 10 से 2 बजे तक कच्चा चमारिया रोड, खोखरा कोट, डेयरी मौहल्ला, पाडा मौहल्ला, साहसी चौक, माता दरवाजा, जुलाहा चौक, पटवार खाना की बिजली बाधित रहेगी।

### खबर संक्षेप

#### एमडीयू में आज होंगी प्रतियोगिताएं
**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग 6 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग कंपीटिशन का आयोजन करेगा। फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश दूरेजा ने बताया कि पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का थीम- मॉय हेल्थ, मॉय राइट्स रहेगा। यह प्रतियोगिता प्रातः 11 बजे विभाग में प्रारंभ होगी।

#### मदवि में विस्तार व्याख्यान आज
**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एण्ड इकोनॉमिक चेंज 6 अप्रैल को- सुसाइड्स सोशल ओरिजनः एनालिसिस ऑफ द रोल ऑफ द एक्सटर्नल सोशल एनवायरनमेंट इन सुसाइड विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन करेगा। चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज की निदेशिका प्रो. सोनिया मलिक ने व्याख्यान की जानकारी दी।

आरोपी सुनील की पत्नी सहित कुल 22 गवाह बनाए गए

# कबूलपुर में जहर से हुई थी तीन बच्चों की मौत, पुलिस ने पिता के खिलाफ150 पेज की चार्जशीट दाखिल

- सुनील कर्ज डूबा था, माना जा रहा है कि इसी वजह से उसने घातक कदम उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले के गांव कबूलपुर में पिता द्वारा चार बच्चों को रसगुल्लों में जहर देने के मामले में पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में पेश की। इस वारदात में जहर देने के कारण 3 बच्चों की मौत हो गई थी। पुलिस की चार्जशीट में सामने आया है कि आरोपी सुनील को अपनी पत्नी पर शक था। वहीं आरोपी सुनील मानता था कि ये बच्चे उसके नहीं है। साथ ही सुनील पर कर्ज भी हो चुका था और सनकी दिमाग था। माना जा रहा है कि इसी वजह से उसने यह कदम उठाया है। पुलिस ने आरोपी सुनील के खिलाफ 150 पेज की चार्जशीट तैयार की है। जिसमें आरोपी सुनील की पत्नी सहित कुल 22 गवाह बनाए गए हैं।


रोहतक। बच्चों का फाइल फोटो।


आरोपी सुनील पुलिस कस्टडी में। फोटो : हरिभूमि

### यह है मामला
गांव कबूलपुर में 4 बच्चों को जहर दे दिया गया था। जिससे दो बहन व एक भाई की मौत हो गई थी जबकि एक बेटी बच गई। पुलिस ने बच्चों के पिता एवं आरोपी सुनील के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू की। गांव कबूलपुर निवासी सुमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह मजदूरी करती है और उसका पति फर्नीचर का काम करता है। 12 साल पहले उनकी शादी हुई थी। महिला ने बताया कि 14 नवंबर 2023 को सुबह 7 बजे पति काम पर चला गया था। वह भी चारों बच्चों को घर पर छोड़कर काम पर चली गई। घर पर बड़ी लड़की लिसिका (10), हिना (8) व दीक्षा (7) व 1 साल का बेटा देव था। उसे सूचना मिली थी कि बच्चों की तबीयत खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इसके बाद वह पीजीआई में पहुंची। जहां पर उसकी लड़की हिना ने बताया कि पिता सुनील ने जहर दे दिया। तीन बच्चों (लिसिका, दीक्षा व देव) की मौत हो गई थी।

### रसगुल्लों में दिया जहर
सुमन ने बताया कि बच्चों ने उसे बताया कि पिता सुनील ने रसगुल्लों में जहरीला पदार्थ मिलकार खिलाया था। उसने कहा था कि इस दवा से दांत का दर्द खत्म हो जाएगा। इसलिए छोटे बेटे देव के दांत भी जल्दी निकल आएंगे। पिता पर भरोसा करके बच्चों ने खा लिया, जिससे उनकी हालत खराब हो गई। जहर खिलाने के बाद जब चारों भाई-बहन को उल्टियां होने लगी तो बीच वाली लड़की बगल में ही रहने वाले अपने चाचा सुंदर के पास पहुंची। इसके बाद सुंदर आनन-फानन में चारों बच्चों को पीजीआई में लेकर पहुंचा। जहां लिसिका, दीक्षा व देव की मौत हो चुकी थी।

### गहनता से की जांच
कबूलपुर में पिता द्वारा तीन बच्चों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गहनता से जांच की है। गहनता से जांच करते हुए 22 गवाह बनाए गए हैं। -**प्रदीप, जांच अधिकारी,** शिवाजी कॉलोनी थाना

### ये हैं बड़ी वजह
शिवाजी कॉलोनी थाना के जांच अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इस मामले में 3 वहज सामने आई है। एक कर्ज, दूसरी सनकी दिमाग व तीसरी आरोपी सुनील बच्चों को अपना नहीं मानता था। उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था। जिसके कारण यह कदम उठाया। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की।


रोहतक। सांसद डॉ. अरविंद शर्मा का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा का कांग्रेस पर वार

# लूट मचाने वालों को प्रदेश की जनता नहीं करेगी माफ

- सांसद कोसली विस के सुरहेली, नेहरुगढ़, शाहदत नगर, झाल, जुड्डी, सुधराना आदि गांव में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि लूट मचाने वालों को प्रदेश की जनता वोट रुपी ताकत से जवाब देगी, उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक मेहनत करें, ताकि जीत का मार्जिन भी बड़ा हो और परिवारवाद व भ्रष्टाचार को रोका जा सके। सांसद ने कहा कि जनता की ताकत व कार्यकर्ताओं की मेहनत से इस बार भी भाजपा दस की दस सीटों पर विजय हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा की जनता को पता है कि कांग्रेस शासन काल के दौरान किस तरह से भ्रष्टाचार होता था, जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। शुक्रवार को सांसद कोसली विधानसभा के गांव सुरहेली, नेहरुगढ़, शाहदत नगर, झाल, जुड्डी, सुधराना आदि सहित कई गांव में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान सांसद ने कहा कि प्रदेश की जनता को पता है कि कांग्रेस शासन काल के दौरान विकास करने की बजाए, प्रोजेक्टों को रोक दिया था, हांसी-महम-रोहतक नई रेल लाईन के साथ-साथ केएमपी सहित बड़े प्रोजेक्टों को भाजपा सरकार ने ही पूरा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोल रही।

पीजीआईएमएस में ओपीडी की टाइम बदलने का मामला

# विरोध में उतरा गैर शिक्षक कर्मचारी संघ, डायरेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पीजीआईएमएस गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने ओपीडी के गर्मी के टाइम बदलने के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। प्रधान रवि सांगवान ने बताया गर्मियों का हस्पताल का समय हमेशा से सुबह 8 से 2 तक रहता है। इससे मरीज जल्दी आ कर जल्दी अपना ईलाज करवा कर अपने घर पहुंच जाते हैं।

अब बीच में एक घंटे का लंच होने के कारण डॉक्टर व कर्मचारी लंच करेंगे। इससे मरीजों को इंतजार करना पड़ेगा जो किसी भी तरह उचित नहीं है। उन्होंने पीजीआईएमएस डायरेक्टर को सरकार के नाम प्रधान रवि संगवान की अध्यक्षता में ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर यूनियन के वरिष्ठ उपप्रधान वीरेंद्र अहलावत ,जसवीर छिकारा, उप प्रधान ऋषि देव कुण्डू , सचिव सुरेंद्र वर्मा, प्रवीण वत्स, सुरेंद्र कुमार, मोहित, सदस्य अजीत, सुनील, दीपक, जसबीर, सुरेश कुमार एवम् अन्य सदस्य मौजूद रहे।


रोहतक। पीजीआईएमएस डायरेक्टर को ज्ञापन देते हुए पीजीआई एमएस गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## चोरी की वारदात में शामिल दो सगे भाई गिरफ्तार
**रोहतक।** पुलिस ने घर से मोबाइल फोन चोरी की वारदात में दो सगे भाईयों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी सतपाल सिंह बताया कि उतरप्रदेश हाल सनसिटी निवासी दीपक की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 3 अप्रैल को दीपक अपना मोबाइल फोन अपने कमरे में चार्जिंग पर लगाकर सो गया। सुबह उठने पर दीपक को अपना मोबाइल फोन नहीं मिला। जांच के दौरान 4 अप्रैल को आरोपी कर्मबीर उर्फ मुनिया व धर्मबीर निवासी बलियाणा हाल किरायेदार किशनगढ महम को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकार्ड है।

# शेयर मार्केट के नाम पर 38 लाख की धोखाधड़ी में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस की साइबर क्राइम थाना की टीम ने शेयर मार्केट में रुपये कमाने का झासा देकर करीब 38 लाख रुपये की ठगी के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि प्रेम नगर चौक निवासी विकास ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 25 अक्टूबर 2023 को विकास ने अपनी फेसबुक से टाइम लाइन में एक शेयर मार्केट में काम सिखाने का एक फोटो दिखाई दिया। विकास ने उस लिंक पर क्लिक किया तो एक बेवसाइट खुली। बेवसाइट पर विकास ने अपना रजिस्ट्रेशन किया तो उस पर एक लिंक आया। लिंक ओपन करने पर विकास एक व्हाटसअप ग्रुप में जुड़ गया। शेयर मार्केट सीखने के लिए लिंक भेजा गया। जिसमें शेयर मार्केट सीखने की आडियों चलती थी। ग्रुप में शेयर खरदीने बारे सूचना सांझा करते थे।



ग्रुप में अन्य व्यक्ति प्रोफिट होने की फोटो शेयर करते थे। 2 नवंबर 2023 को विकास के मैसज आया। जिसने अपना नाम ममता रावत बताते हुए शेयर मार्केट में रुपये इंवेस्ट करने बारे कहा। ममता रावत ने एक लिंक में भेजा जिसमें अंकाउट से संबंधित व शेयर शेयर खरीदने के लिए रुपये जमा करने की जानकारी शेयर की जाती थी। ममता ने विकास के पास एक और एपीके फाइल नाम का एक लिंक भेजा। विकास ने लिंक को ओपन किया तो उसके मोबाइल में एक फाइल डाउनलोड हुई। फाइल ओपन करने पर विकास के मोबाइल में एक ऐप इंस्टाल हो गई। विकास ने अपना रजिस्ट्रेशन कर ट्रेडिंग शुरु की।

कार्यक्रम | पीजीआईएमएस की वीसी डॉ. अनीता सक्सेना ने कहा, भारत से आमवातीय हृदय रोग समाप्त नहीं हुआ

# यूएसए के विदेशी प्रतिनिधियों के दल ने रुमेटिक हृदय रोग पर चर्चा के लिए पीजीआई का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एडवर्ड्स लाइफ साइंसेज और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए के विदेशी प्रतिनिधियों के एक दल ने रुमेटिक हृदय रोग, भारत में इसकी समस्या और आरएचडी के उन्मूलन के संभावित समाधान पर गहन चर्चा करने के लिए पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्व विद्यालय का दौरा किया। बैठक की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक की कुलपति डॉ अनीता सक्सेना ने की, जो एक प्रसिद्ध बाल चिकित्सा हृदय रोग विशेषज्ञ हैं। उनके साथ डॉ एचके अग्रवाल रजिस्ट्रार यूएचएस और डॉ एसएस लोहचब निदेशक पीजीआईएमएस, डॉ केएस लालर और डॉ अश्विनी यादव कार्डियोलॉजी विभाग से, डॉ सुधीर अत्री और डॉ दीपक जैन मेडिसिन विभाग से, डॉ कपिल भल्ला बाल चिकित्सा विभाग से, डॉ वरुण अरोड़ा कम्युनिटी मेडिसिन विभाग से मौजूद थे। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एडवर्ड्स लाइफ साइंसेज के प्रतिनिधियों में डॉ क्रिस्टीना, डॉ स्वाति, डॉ एंड्रयू, डॉ क्रिस्टेंसन आदि शामिल थे। बैठक का समन्वयन प्रसिद्ध ईएनटी सर्जन डॉ गौरव चतुर्वेदी ने किया। डॉ. अनीता सक्सेना ने मीटिंग के दौरान बताया कि भारत से आमवातीय हृदय रोग अभी भी समाप्त नहीं हुआ है। यूपी और बिहार से बहुत से मामले अभी हृदय शल्य चिकित्सा के लिए एम्स दिल्ली और रोहतक पीजीआईएमएस में आते हैं।


रोहतक। बैठक को सम्बोधित करतीं हुई कुलपति डॉ. अनीता सक्सेना।

### स्वाब परीक्षण की सलाह देनी चाहिए
डॉ. कपिल भल्ला ने बताया कि कुछ संकेत और लक्षण हैं जो स्ट्रेप्टोकोकल गले के संक्रमण के संकेत देते हैं, जहां डॉक्टर को संक्रमण की पहचान करने के लिए स्वाब परीक्षण की सलाह देनी चाहिए, इससे प्रारंभिक निदान और भविष्य की जटिलताओं की रोकथाम में मदद मिल सकती है।

### पीजीआई की जांच और उपचार से प्रभावित
आरएचडी विषय पर सार्थक विचार-विमर्श के बाद, टीम ने कुछ रोगियों और उनके परिवारों से मिलने के लिए लाला श्याम लाल सुपर स्पेशियलिटी बिल्डिंग का दौरा किया और इस रोग से संबंधित सामाजिक-पर्यावरण कारकों को समझने के लिए उनकी कहानियां और अनुभव सुने। टीम पीजीआईएमएस रोहतक में प्रदान की गई जांच और उपचार के तौर-तरीकों से प्रभावित हुई और कुलपति के कुशल नेतृत्व में समर्पित स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। टीम ने यह सुनिश्चित किया कि अनुभवी संकाय से सभी मूल्यवान इनपुट नोट किए जाएं और वे इस मुद्दे पर अधिक समझ के लिए एसजी पीजीआई का दौरा करने जा रहे हैं।

# 14.23 लाख की ठगी के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस की साइबर थाना टीम ने 14 लाख 23 हजार रुपये की ठगी की वारदात में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर 8 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। साइबर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि गांव माडौदी जाटान निवासी सचिन ने थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसके आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरु की। जांच में सामने आया कि सचिन ने जमीन बेची थी, जिसके रुपये उसके खाते में करीब 14 लाख 23 हजार रुपये आए थे। 18/19 सितंबर 2023 को सचिन के मोबाइल में नेटवर्क



आना बंद हो गया। सचिन ने 18 अक्टूबर को 2023 को अपना वही नंबर जारी करवाया व अपने दोस्त के मोबाइल में सिम डालकर पेयएटीएम चालू किया। सचिन ने अपना खाता चैक किया तो उसे अपने खाता खाली हुआ मिला। जांच के दौरान 4 अप्रैल को गिरोह में शामिल तीसरे आरोपी सुनील निवासी श्याम विहार कॉलोनी नजफगढ़, दिल्ली को गिरफ्तार किया गया है।



दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।



दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।

# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी से मिलती हैं कई सुविधाएं



नालेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजात बच्चों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

## गर्भवती महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## आंगनबाड़ी में देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं कों गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

## 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

## इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।

योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## सुविधा लेने के लिए करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक कों बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में दी जाती है अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

## कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कों वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

---

### विमानन एक रोमांचक और चुनौतीपूर्ण पेशा

# छूना है आसमान, तो एविएशन में कोर्स करेगा आपका सपना पूरा

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

### युवाओं की बन रहा पहली पसंद

वर्तमान समय में दुनिया भर में हवाई सफर काफी महत्वपूर्ण हो चुका है। इसीलिए इसको काफी आसान और एडवांस भी बनाया जा चुका है तथा हर दिन इसमें नई नई तकनीक का उपयोग हो रहा है, ऐसी स्थिति में यहां पर अनेक तरह के विभाग और अनेक प्रकार के क्षेत्र देखने को मिलते हैं। जिनके तहत विभिन्न प्रकार के पद निर्धारित किए गए हैं। इन सभी पदों पर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाती है तो अगर आप भी एविएशन के क्षेत्र में करियर देखने की चाह रखते हैं, तो यह आपके लिए एक बेहतरीन मौका हो सकता है।



## क्या है एविएशन कोर्स

एविएशन कोर्स एक प्रशिक्षण कार्यक्रम होता है जो उन छात्रों के लिए है जो एविएशन के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को एक स्किल सेट और तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जाता है जो उन्हें एविएशन उद्योग में काम करने में सक्षम बनाते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एविएशन क्षेत्र में योग्य और तकनीकी संभावनाओं को उद्घाटित करना है। इस कोर्स को करने के बाद कोई भी छात्र एविएशन के क्षेत्र में अपने हुनर के आधार पर पद हासिल कर सकता है और आप भली-भांति जानते ही हैं कि वर्तमान समय में एविएशन के क्षेत्र में कितना बड़ा और कितना अच्छा स्कोप है।

## जरूरी योग्यताएं

*यह कोर्स काफी महत्वपूर्ण कोर्स है। इसीलिए इस कोर्स हेतु कुछ योग्यताएं निर्धारित की गई है जिसके आधार पर कोई भी विद्यार्थी इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है और इसको उसको करने के बाद एविएशन में अपना करियर देख सकता है। तो इस कोर्स के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित हैं*

- इस कोर्स के लिए उम्मीदवार की आयु कम से कम 17 वर्ष होनी चाहिए।
- एवियशन कोर्स के लिए विद्यार्थी का बारहवीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- कुछ शिक्षण संस्थान इस कोर्स के लिए स्नातक डिग्री की भी मांग करते हैं।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना चाहिए।
- एविएशन इंडस्ट्री में आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थी को अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- विद्यार्थी के 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त होने चाहिए।
- विद्यार्थी को 12वीं कक्षा फिजिक्स और गणित विषय के साथ ही पास करनी होती है।
- विद्यार्थी के पास सभी प्रकार के पहचान और शैक्षणिक योग्यता वाले दस्तावेज होने चाहिए।

## फीस

*यह कोर्स कितना महत्वपूर्ण है और इसकी विशेषता तो अब तक आप जान चुके हैं, तो अब हम यह भी जान लेते हैं कि इस कोर्स को कराने वाले कॉलेज या शिक्षण संस्थान कितनी फीस वसूलते हैं। तो हम आपको बता देते हैं कि इस कोर्स की फीस अलग-अलग शिक्षण संस्थान पर निर्भर करती है। इसके अलावा जगह के आधार पर भी निर्भर करती है। लेकिन सामान्य तौर पर इस कोर्स के लिए विद्यार्थियों को 100000 से लेकर 500000 तक खर्च करने होते हैं। इसके अलावा भी विभिन्न प्रकार के खर्च हो जाते हैं। इस कोर्स की सही फीस पता करने के लिए शिक्षण संस्थान का चयन करके जानना होगा।*

## बेस्ट इंस्टिट्यूट

**दुनिया भर की तरह भारत में अभी वर्तमान समय में काफी एविएशन कोर्स कराने वाले इंस्टिट्यूट है जिनमें से कुछ सर्वश्रेष्ठ इंस्टिट्यूट के नाम हम आपको नीचे बता रहे हैं। आप इनमें से किसी भी इंस्टिट्यूट का चयन करके अपने कैरियर को सफल बनाने के लिए एविएशन कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं —**

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन
- टेक्नोलॉजी (दिल्ली)
- इंडियन एविएशन एकेडमी (मुंबई)
- राजस्थान विमान अकादमी (जोधपुर)
- हिंदुस्तान एविएशन एकेडमी (उत्तर प्रदेश)
- एविएशन ट्रेनिंग सेंटर (हैदराबाद)

## एडमिशन कैसे लें

इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए आपको सबसे पहले यह देखना है कि भारत में एवियशन कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थान और कॉलेज कौन-कौन से हैं। उसके बाद आपको यह देखना है कि आप कौन से शिक्षण संस्थान या कॉलेज के तहत कोर्स करना चाहते हैं, अब आपको उस इंस्टीट्यूट्स के वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन अप्लाई करना होगा। छात्रों को अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।



## एविएशन इंजीनियरिंग

एविएशन इंजीनियरिंग एक उच्च गुणवत्ता वाला तकनीकी कोर्स है, जो एयरक्राफ्ट की तकनीकी मरम्मत और परीक्षण से संबंधित होता है। इस कोर्स के माध्यम से उम्मीदवारों को एयरक्राफ्ट के संरचना, यांत्रिक विज्ञान, नवीनतम तकनीकी विकास और मरम्मत तकनीकों में सक्षमता प्राप्त होती है।

## एयर होस्टेस कोर्स

एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड एक लोकप्रिय एविएशन कोर्स है जिसमें उम्मीदवारों को एयरलाइंस के सेवा क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार किया जाता है। इस कोर्स में उम्मीदवारों को यात्री सुविधाओं, सुरक्षा के नियमों और सामाजिक और पेशेवर क्रियाकलापों के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स से उम्मीदवार एयर होस्टेस या एयर स्टीवर्ड के रूप में काम करने के लिए तैयार होते हैं।

## एविएशन मैनेजमेंट कोर्स

एविएशन मैनेजमेंट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो एविएशन क्षेत्र में प्रबंधन करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को एविएशन व्यवसाय के निर्माण, प्रबंधन, संचालन और विपणन के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को समाज और संचार माध्यमों के माध्यम से विपणन के बारे में भी शिक्षा दी जाती है। यह कोर्स एक अधिकांश स्तरों पर उपलब्ध है जैसे कि स्नातक और स्नातकोत्तर तक।

## एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स

एयर ट्रैफिक कंट्रोल कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो उड़ानों को नियंत्रित करने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को उड़ानों के रूट और उनकी संख्या, आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक विन्यास, फ्लाइट कंट्रोल तकनीक, टेक्निकल शब्दों का उपयोग और एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट के बारे में शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एयर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है।

## पायलट कोर्स

पायलट कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए होता है जो विमान उड़ाने के लिए तैयार होते हैं। इस कोर्स में उम्मीदवारों को विमान उड़ाने की तकनीक, सुरक्षा सम्बंधित प्रक्रियाएं, उड़ान यात्रियों की रख-रखाव और उन्हें समय पर उनके गंतव्य पर पहुंचाने की शिक्षा दी जाती है। इस कोर्स के अंतर्गत उम्मीदवारों को एक अंतिम परीक्षा देनी होती है जिसके बाद वे उड़ान यात्रियों को सुरक्षित रूप से उड़ान देने के लिए पायलट बनने के लिए योग्य माने जाते हैं।

---

# बच्चों की भी तो सुनना सीखे माता-पिता तथा टीचर, हर बच्चा स्नेह का भूखा



मोटिवेशनल

नरेंद्र यादव

क्या आपने माता-पिता या टीचर के स्थान पर रह कर बच्चों के मन को समझने की कौशिश की है, हो सकता है कुछ ने समझने का प्रयास किया है तथा कुछ शायद बिलकुल सुनने के लिए ही तैयार नहीं होते है क्योंकि कुछ पेरेंट्स अथवा टीचर अपने पिता या माता तथा टीचर के ओहदे से नीचे उतरने के लिए ही तैयार नहीं होते है। एक अध्यापक अपने को शिक्षक कम, अधिकारी ज्यादा समझता हैं, कुछ पेरेंट्स अपने अनुभव का इतना बखान करते है जो अपने ही बच्चो को कहीं बहुत नीचे छोड़ देते हैं। बहुत से पेरेंट्स को अपने बच्चों की बात सुनने का समय ही नहीं है , वो ये कहते है कि आप को जो चाहिए , पैसा , कपड़े , किताबे, बाइक , कार कुछ भी चाहिए, ले लो परंतु उनके पास समय नहीं हैं।

## टीचर होना, कोई नौकरी नहीं

टीचर को शायद बच्चों या आप उनको विद्यार्थी कह सकते है, उनको समझने या समझाने का सायक्लॉजिकल ज्ञान नही हैं, और ना ही कुछ टीचर समझना चाहते है क्योंकि वो अपने को शिक्षक समझते ही नही है, उनको शिक्षक होने का अर्थ ही नहीं समझ आता है, उनको शिक्षक होना इतना ही समझ आता है जैसे ये एक नौकरी है, और इससे पैसे मिलते है। मैं यहां ऐसे माननीय शिक्षको को कहना चाहता हूं कि आप अपने पद का अर्थ समझे ताकि आप सभी को अपने पद की गरिमा तथा गौरव समझ में आ सकें। टीचर होना, कोई नौकरी नहीं है ये राष्ट्र के बच्चों के चरित्र निर्माण की ड्यूटी हैं, उनके भविष्य को अच्छे से अच्छा बनाने का भी कर्तव्य हैं । यहां मैं ये नहीं कह रहा हूं कि केवल टीचर की ही ड्यूटी है, यहां माता पिता की ड्यूटी सबसे ज्यादा हैं। मैं ऐसे माता पिता से कहना चाहता हूं जिनके पास पैसे तो है लेकिन समय नहीं है, और केवल पैसों के दम पर अपने बच्चों का पालन पौषण करना चाहते है ऐसे माता पिता के बच्चें दो तरह से रिएक्ट करते हैं पहला तो वो कभी भी आप द्वारा किए जा रहे बिजनेस को नही अपनाएंगे क्योंकि उन्हें उस व्यवसाय के कारण कभी भी स्नेह नही मिल पाया , बच्चो को उस बिजनेस की वजह से दुलार प्यारा नही मिल पाया , दूसरा वो अपने पेरेंट्स को प्यार नही करेंगे क्योंकि जब बच्चों को उनके दुलार की जरूरत थी उस समय वो अपने कामों में बिजी रहें। दूसरा भागीदार है टीचर , जो बच्चों को केवल अपनी नौकरी के अनुसार समय तो देता है परंतु उनकी भीतर की भावनाओं को समझकर उनके मन की बात नही सुनते हैं इसलिए स्टूडेंट अपने टीचर को गुरु नही मानते हैं क्योंकि गुरु वही है जो उनकी रुचि के अनुसार उनकी स्किल को विकसित करने का कार्य करते है, उनकी पढ़ाई, उनके चारित्रिक विकास, उनके मनोभाव, उनकी दिनचर्या, उनके खानपान, उनके पसंद नापसंद का भी ध्यान रखे वहीं तो गुरु है, केवल अक्षर ज्ञान कराने वाले कभी भी गुरु नही बन पाते हैं।

## इन नियमों का पालन करें

प्रिय पेरेंट्स , अपने बच्चों को वो ही देना जो सबसे जरूरी है उस पर विमर्श करना बेहद आवश्यक है जैसे ;

- बच्चों के साथ रोज इंटरेक्ट करना।
- बच्चों के साथ एक समय का भौजन करना।
- अपने बच्चों के मन की बात सुनना। और उन्हें सुबह शाम वॉक पर लेकर जाएं तथा खूब बाते करें।
- बच्चों को पैसों से ज्यादा स्नेह देने की आदत विकसित करना।
- बच्चों को महीने में एक दिन किसी भी रिश्तेदार या मित्र के यहां लेकर जाना ताकि उनमें रिश्ते की समझ पैदा हो और झिझक दूर हो सकें।
- बच्चों को कभी भी पैसे से बहलाने की कौशिश ना करें, कभी लालच ना दें।
- बच्चों को कभी भी किसी से कंपेयर ना करें। इससे बच्चों में हीनभावना जन्म लेती हैं।
- अपने बच्चों को कभी भी नेगेटिव शब्दो से प्रताड़ित ना करें।
- बच्चों को प्रसन्न रहने के लिए प्रेरित करें। उनके साथ कुछ कहानी किस्से शेयर करें।
- अपने बच्चों को जीवन में ज्यादा संग्रह करना ना सिखाएं क्योंकि इस से अंतोदय के सूत्र को धक्का लगता हैं।

टीचर से भी विद्यार्थियों के लिए कुछ अपेक्षाएं हैं , हर शिक्षक उन्हे अपने जीवन में जरूर उतारने की कृपा करें, जैसे ; हर टीचर को हरेक विद्यार्थी में अपने खुद के बच्चों की सूरत दिखनी चाहिए। शिक्षक को उनकी कक्षा में पढ़ने वाले हर विद्यार्थी एक समान लगने चाहिए। एक टीचर को हर विद्यार्थी की पांच स्किल पर ध्यान देना चाहिए, पहली स्वास्थ्य, दूसरी चरित्र निर्माण, तीसरा व्यक्तित्व विकास, चौथा उसकी संगत का ध्यान और पांचवी उसकी पढ़ाई लिखाई पर उचित ध्यान देना।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर में 111 यूनिट रक्त एकत्रित

**रोहतक।** सुखपुरा चौक पर मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट ने रोहतक फोटोग्राफर संघ की अध्यक्षता में पिनेकल फोटो स्टूडियों के सौजन्य से 323वां रक्तदान शिविर लगाया। जिस में 111 यूनिट रक्त इकट्ठा हुआ। शिविर में सुमित गुलिया निडाणा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान को आगे आगे बढ़ते हुए अपनी दूसरी बेटी के जन्म के उपलक्ष में सभी को मिल्टन वॉटर बॉटल उपहार स्वरूप भेंट की। रक्तदान शिविर में ट्रस्ट के संस्थापक तस्वीर हुड्डा 100वी बार रक्तदान कर भारत के पहले दिव्यांग शतकवीर रक्तदाता बने।

### नशीले पदार्थ सहित युवक काबू

**रोहतक।** पुलिस ने नशीले पदार्थ सहित युवक को काबू किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। आईएमटी थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि खेडी साध निवासी युवक नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है जो नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए रोहतक सोनीपत रोड बलियाणा मोड के पास युवक को शक के आधार पर काबू किया गया।

### यूजीसी के लिए कोचिंग प्रोग्राम शुरू

**रोहतक।** मदवि के यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कंपीटीटिव एग्जामिनेशन के तत्वावधान में शुक्रवार से आगामी जून में आयोजित होने वाली यूजीसी नेट-जेआरएफ परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग प्रोग्राम प्रारंभ हुआ। यूसीसीई निदेशक प्रो. जेएस हुड्डा ने बताया कि यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स, संबद्ध महाविद्यालयों के नियमित, डीडीई एवं पूर्व विद्यार्थी इस कोचिंग प्रोग्राम में भाग ले रहे हैं।

### बच्चों के दांतों की हुई जांच

**रोहतक।** इंडस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बच्चों का डेंटल चेकअप डॉक्टर सुप्रिया देशवाल (एमडीएस, ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जन), डॉ. अभिनंदन और उनके सहयोगी अमित की निगरानी में हुआ। यह इंडस विद्यालय के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि डॉ. सुप्रिया विद्यालय की छात्रा रही हैं। उन्होंने इंडस विद्यालय में वर्ष 2012 में 12वीं की कक्षा पास की है। डॉक्टर सुप्रिया ने दांतों का चैकअप करने से पहले बच्चों को समझाया कि दांत हमारे लिए बहुत उपयोगी हैं।

## उच्चाधिकारियों के साथ की रबी खरीद सीजन के प्रबंधों की समीक्षा

# डाटा मिसमैच की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने के दिए निर्देश

- रोहतक अनाज मंडी में उन्होंने सरसों की खरीद के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। रबी खरीद सीजन के प्रबंधों की समीक्षा की बैठक लेते हुए फरीदाबाद के मंडल आयुक्त एवं जिला के प्रशासनिक सचिव संजय जून।



रोहतक। अनाज मंडी का निरीक्षण करते हुए फरीदाबाद के मंडल आयुक्त एवं जिला के प्रशासनिक सचिव संजय जून।

फरीदाबाद के मंडल आयुक्त एवं जिला के प्रशासनिक सचिव संजय जून ने शुक्रवार को जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ रबी खरीद सीजन के प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को डाटा मिसमैच की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने के निर्देश दिए। ताकि किसानों को अपनी फसल की बिक्री के दौरान कोई असुविधा न हो। सचिव ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त अजय कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगराधीश अंकित कुमार तथा खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ रबी खरीद सीजन के प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने जिला में सरसों की खरीद के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गेट पास के अनुसार ही फसलों की खरीद की जाये। सरसों व गेंहू के बैग भरते समय यह सुनिश्चित किया जाये कि निर्धारित मात्रा ही बैग में डाली जाये। जिला में भंडारण क्षमता के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी हासिल की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल बिक्री के लिए फसल का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सहायता केंद्र पर प्राप्त किसानों की शिकायतों का अधिकारी यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें।

प्रशासनिक अधिकारी संजय जून ने बैठक के उपरांत उपायुक्त अजय कुमार, उपमंडलाधीश आशीष कुमार तथा खरीद एजेंसियों व मार्केट कमेटी के अधिकारियों के साथ रोहतक अनाज मंडी का निरीक्षण किया। रोहतक अनाज मंडी में उन्होंने सरसों की खरीद के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया तथा आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं किसानों से बातचीत की। उन्होंने मंडी में बिक्री के लिए पहुंची सरसों की नमी की जांच के लिए नमी मापक यंत्र मंगवाकर सरसों की नमी की जांच की। सरकार की हिदायतों के अनुसार सरसों में नमी की निर्धारित मात्रा 8 प्रतिशत तथा गेहूं में 12 प्रतिशत होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि सरसों व गेंहू को बैग में भरते समय सही तोल किया जाये। इसके उपरांत संजय जून ने सांपला स्थित अनाज मंडी का जायजा लिया। उन्होंने मंडी परिसर में रखें सरसों से भरे बैग का मौके पर वजन करवाया। संबंधित अधिकारियों तथा आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा किसानों से भी बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि फसल बिक्री के दौरान किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

उपायुक्त अजय कुमार ने आयुक्त संजय जून को जिला प्रशासन द्वारा मंडियों में किए गए प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रबी खरीद सीजन के सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी एवं यातायात प्रबंधक नियुक्त किए गए है। जिला प्रशासन द्वारा सभी मंडियों व खरीद केंद्रों में सभी आवश्यक प्रबंध किए गए है। उन्होंने मंडियों से सरसों व गेहूं के उठान व भंडारण के लिए किए गए प्रबंधों की भी जानकारी दी। डीसी ने सचिव को बताया कि जिला में सरसों की खरीद सांपला, रोहतक, महम व कलानौर मंडियों में जारी है। अब तक जिला में 5935.46 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हैफेड द्वारा खरीद की जा चुकी है। कलानौर मंडी में 792.29 मीट्रिक टन, महम मंडी में 2412.30 मीट्रिक टन, रोहतक में 237.20 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 2493.67 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि जिला में गेहूं खरीद का कार्य कलानौर, काहनौर, किलोई, लाखनमाजरा, मदीना, महम, रोहतक, सांपला, सांघी, हसनगढ़ में किया जायेगा।

### ये रहे मौजूद

जब प्रशासनिक सचिव मंडियों का जायजा ले रहे थे तो, इनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, सांपला के उपमंडलाधीश सुभाष चंद्र जून, नगराधीश अंकित कुमार, डीएफएससी वरिंद्र सिंह, हैफेड के जिला प्रबंधक अनूप नैन, हरियाणा वेयर हाऊसिंग के जिला प्रबंधक रोहताश दहिया, रोहतक मार्केट कमेटी के सचिव देवेंद्र ढुल, सांपला मार्केट कमेटी के सचिव दीप कुमार सहित रोहतक व सांपला मंडियों के आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारी व किसान मौके पर मौजूद रहे।



## मतदाता जागरूकता के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वीप अभियान की गतिविधियां जारी हैं। शुक्रवार को समर गोपालपुर में वैश्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान का आयोजन प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा में किया गया। डॉ. मधु व टीम सदस्यों डॉ. सुदेश, डॉ. मोनिका व डॉ. दिनेश ने स्वीप गतिविधियों के तहत गोद लिए गांव समर गोपालपुर में हस्ताक्षर अभियान चलाया। विद्यार्थियों व ग्रामीणों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। मतदाता जागरूकता के लिए रैली भी निकाली गई तथा मतदाता शपथ भी दिलवाई गई। वहीं सांपला स्थित राजकीय महाविद्यालय में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदान को बनाओ अपना धर्म क्योंकि चुनाव है लोकतंत्र का पर्व, आओ मिलकर यह काम करें सबसे पहले मतदान करें, बेहतर भारत के लिए मतदान करें आदि स्लोगन के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

## तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आगाज

**रोहतक।** समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया द्वारा भगवान बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग पर निर्मित ओशोधारा के पहले तल के प्रोग्राम ध्यान योग शिविर का आगाज पहरावर रोड सहित मेडिटेशन सेंटर में हुआ। प्रोग्राम में 50 नये साधकों ने रुचि दिखाई जिसमें समाज के हर तबके से लोग शामिल हुए जिसमें ज्यादातर अध्यापक, वकील, डॉक्टर व विद्यार्थी हैं। पहले दिन सम्यक दृष्टि, सम्यक जागृति, सम्यक ध्यान, सम्यक कर्म व सम्यक संबंध के सैशन आयोजित किए गए। आचार्य की भूमिका दलशेर मलिक, अमित सिहाग व संजीला हिसार ने निभाई। इस अवसर पर प्रोफेसर अश्विनी शर्मा, हरिओम मुदगिल, नरेंद्र खत्री, डीपीई पावेल, भारत भूषण भारद्वाज, अंजू अहलावत, मोनिका, प्रोमिला,आशा मलिक, डॉ सीमा फोगाट, डॉक्टर तनुजा इत्यादि मौजूद रहे।

## पाश्चात्य कैलेंडर और विक्रमी संवत में 57 वर्षों का अंतर



**रोहतक।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ हरियाणा महाविद्यालय शिक्षा और राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान विक्रमी संवत क्या है और क्यों मनाया जाता हैं विषय पर व्याखान आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. पुष्प दीप डागर ने विषय की महता और इसके प्राचीन इतिहास की जानकारी सांझा की, राजा विक्रमादित्य द्वारा भारत में शुरू किए गए विक्रमी संवत की अवधारणा को समझाया। साथ ही बताया कि हमारे पाश्चात्य कैलेंडर और विक्रमी संवत में 57 वर्षो का अंतर होता है। विक्रमी संवत को 57 ईसा पूर्व उज्जन में राजा विक्रमादित्य ने शुरू किया था। उनके राज दरबार में नौ नव रत्न थे जो अपने अपने क्षेत्रों में निपूर्ण और सर्व श्रेष्ठ थे, जिनमें धन्वन्तरि, क्षपनक, अमरसिंह, शंकु, खटकरपारा, कालिदास, बेतालभट्ट, वररुचि और वराहमिहिर शामिल थे।



## ध्यान के फायदे बताए

**रोहतक।** पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के शिवालिक कन्या छात्रावास में तीन दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य एवं ध्यान कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य डॉ. लोकेश बलहारा ने छात्राओं को ध्यान का महत्व बताया। मुख्य वक्ता डॉ. अनिता मलिक एवं डॉ. दिनेश सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य क्या है और हम मानसिक स्वास्थ्य को किस प्रकार से अच्छा रख सकते है, इस पर अपने विचार प्रकट किए। हार्टफुलनेस की तरफ से की डॉ. वीरेंद्र फोगाट एवं फूल सिंह ढाका ने छात्राओ कों ध्यान का अभ्यास कराया और ध्यान से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर चीफ वार्डन अमित सहगल, उप प्राचार्य सतबीर रगां सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस घोषणापत्र में 30 लाख नौकरियों का ऐलान बेरोजगारी से हताश युवाओं को बड़ी उम्मीदः दीपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। रेहड़ी चालाक से मिलते हुए राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं के मुद्दों को प्राथमिकता देने के लिए पार्टी हाईकमान व घोषणापत्र समिति का धन्यवाद किया है। दीपेंद्र हुड्डा का कहना है कि बेरोजगारी पर लगाम लगाने और युवाओं को न्याय दिलाने के लिए पार्टी ने 30 लाख पक्की भर्तियां करने का ऐलान किया है। इसी दिशा में हरियाणा कांग्रेस ने भी 2 लाख से ज्यादा पदों पर पक्की भर्ती करने का वादा किया है। हरियाणा में कौशल निगम तो केंद्र में अग्निवीर जैसी योजनाओं के जरिए बीजेपी पक्की नौकरियों को खत्म कर रही है। इसके चलते युवाओं में व्यापक हताशा देखने को मिल रही है। लेकिन कांग्रेस के घोषणापत्र से युवाओं में एक नई उम्मीद का संचार होगा। कांग्रेसजन इसे घर-घर और जन-जन तक पहुंचाएंगे। दीपेंद्र हुड्डा सांपला में 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान के तहत लोगों से मिल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस के घोषणापत्र पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि किसानों की स्थिति को सुधारने के लिए देश में पहली बार किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का ऐलान किया गया है। यह किसानों की सबसे बड़ी मांग हैं, जिसको पूरा करने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है।

दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आधी आबादी की आधी भागीदारी सुनिश्चित करने में यह कदम बेहद कारगर साबित होगा।

## मीडिया के विद्यार्थियों को तराशना होगा हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रतिष्ठित फिल्म मेकर, विज्ञान संचार कर्त्ता राकेश अंदानिया व मौजूद शोधार्थी-विद्यार्थी ।

दृश्य-श्रव्य संचार में चाहे टेलीविजन, चाहे सिनेमा, चाहे ओटीटी, कंटेंट, पटकथा (स्क्रिप्टिंग), विजुअलाइजेशन तथा एडिटिंग आधार स्तंभ हैं। मीडिया के विद्यार्थियों को इस दिशा में अपना हुनर तराशना होगा। टेक्नोलॉजी के इस युग में मीडिया अध्ययन के विद्यार्थी नवीनतम मीडिया टेक्नोलॉजी से भी जुड़ें, ये उनके कॅरियर निर्माण के लिए अहम है। प्रतिष्ठित फिल्म मेकर, विज्ञान संचार कर्त्ता राकेश अंदानिया ने शुक्रवार को यह कहा है। वे महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित-टीवी प्रोडक्शन कार्यशाला में बोल रहे थे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में राकेश अंदानिया ने भारतीय टेलिविजन इंडस्ट्री की लौकिक धरातल से ओटीटी युग तक के सफर बारे विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने टेलिविजन की विकास यात्रा के साथ-साथ भविष्य के परिदृश्य पर सारगर्भित जानकारी दी। राकेश अंदानिया ने बताया कि भविष्य में आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस, ओगमेंटेट रियलिटी, वर्चुअल रियलिटी, ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल टेलीविजन इंडस्ट्री में होगा। विद्यार्थियों से संचार कौशल तथा तकनीकी कौशल विकसित करने पर विशेष जोर राकेश अंदानिया ने दिया। कार्यशाला के प्रारंभ में विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार ने आमंत्रित विशेषज्ञ राकेश अंदानिया का स्वागत किया। प्रो. हरीश कुमार ने कहा कि इस दो दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों के क्षमता-संवर्धन तथा कौशल विकास का रास्ता प्रशस्त करना है। कार्यशाला संयोजक प्रो. हरीश कुमार ने कहा कि भविष्य में मीडिया अध्ययन के विविध क्षेत्र संबंधित कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला समन्वयक प्राध्यापक डॉ. नवीन कुमार ने आमंत्रित विशेषज्ञ का विस्तृत परिचय दिया।

## गुरुदेव सुदर्शन जैन समाज का ध्रुव तारा हैं

**रोहतक।** सकल जैन समाज की ओर से गुरुदेव सुदर्शन महाराज के 101वें जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर वैश्य गर्ल्स कॉलेज के ऑडिटोरियम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। गायक दीपक व रूपक ने भक्ति का समां बांध दिया। कि मौजूद समाज के लोग वाह-वाह कर उठे । जैन समाज ने इस अवसर पर विभिन्न गणमान्यजनों का नागरिक अभिनंदन भी किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली को उनके सामाजिक कार्यों में योगदान व जैन समाज के हितों में सहयोग करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि गुरु सुदर्शन महाराज जैन समाज का ध्रुव तारा हैं। जिनके व्यक्तित्व व तपस्या ने समाज व देश को दिशा व दशा दिखाने का काम किया है। महाराज के साथ न केवल जैन समाज के बल्कि 36 बिरादरी के लोग जुड़े रहे हैं।

## लखनऊ में आयोजित जू जित्सु नेशनल प्रतियोगता में जीते पदक



रोहतक। विजेता खिलाड़ी को मेडल देते हुए अधिकारी।

**रोहतक।** 29 मार्च से 2 अप्रैल तक लखनऊ में जू जित्सु नेशनल प्रतियोगता का आयोजन किया गया। जू जित्सु एसोसिएशन उतर प्रदेश द्वारा करवाए गए आयोजन में हरियाणा की तरफ से भूमिका ने -63 किलो ग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। भूमिका वैश्य पब्लिक स्कूल सेक्टर -3 की 8वीं की छात्रा है। भिनी ने इसी प्रतियोगिता में 57 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रांज मेडल प्राप्त किया। भिनी भी वैश्य पब्लिक स्कूल की छठीं कक्षा की छात्रा है। दोनों बहनों की जीत पर स्कूल व परिवार में खुशी का माहौल है। दोनों खिलाड़ी भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए प्रेक्टिस कर रही हैं।

## योगिता जिले में प्रथम



**रोहतक।** एसवीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग बालंद की छात्रा ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। जीएनएम प्रथम वर्ष में योगिता ने 500 में से 406 अंक प्राप्त कर अपनी योग्यता का प्रमाण दिया है। छात्रा ने पूरे रोहतक जिले में प्रथम स्थान व पूरे हरियाणा में टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है।

इस उपलब्धि पर कॉलेज डायरेक्टर श्रीपाल सिंह अध्यापकों को बधाई देते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही छात्रा योगिता को 5100 रुपये पुरस्कार स्वरूप देकर सम्मानित किया और भविष्य में भी इसी तरह मेहनत कर अपना व कॉलेज का नाम रोशन करते रहने की प्रेरणा दी।

### 185 ने किया रक्तदान

**महम।** शुक्रवार को खेड़ी महम गांव स्थित श्री शिवानंद धर्मार्थ औषधालय में श्री 1008 स्वामी निरंजन गिरी महाराज की छठी पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान 185 लोगों ने किया रक्तदान।

**सूचना**

मैं, गुलशन सहगल पुत्र श्री कृष्ण लाल सहगल निवासी मकान नं. 158/29, राम गोपाल कालोनी रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कपिल व उसकी पत्नी प्रियंका मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, राजेश पुत्र श्री विरेन्द्र निवासी गांव बहलबा, तहसील महम, जिला रोहतक-124112, हरियाणा बयान करता हूं कि मैं सशस्त्र सीमा बल में सिपाही के पद पर कार्यरत हूं। मेरी माताजी का सभी महत्वपूर्ण कागजात अनुसार नाम शकुंतला (Shakuntla) दर्ज है जोकि सही व दुरूस्त है। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम शकुंतला (Shakuntla) के स्थान पर शकुंतला देवी दर्ज हो गया है। जो गलत दर्ज है। अब मैं अपने सर्विस रिकॉर्ड में मेरी माताजी का सही नाम शकुंतला (Shakuntla) दर्ज करवाना चाहता हूं।

## 'डेढ़ इंच ऊपर' नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आप उसे घर कहते हैं, वह तो महज एक कमरे का एक मकान है। उसे घर बनाने का हुनर तो एक औरत में ही होता है। यह डायलॉग है डेढ़ इंच ऊपर नाटक का। नाट्य संस्था सप्तक कल्चरल सोसायटी द्वारा निर्मल वर्मा के प्रसिद्ध नाटक डेढ़ इंच ऊपर का मंचन हिंदी रंगमंच दिवस के उपलक्ष में किया गया। सप्तक ने निर्मल वर्मा को श्रद्धांजलि स्वरूप उनके नाटक का मंचन किया। ललित खन्ना अभिनीत इस नाटक का निर्देशन प्रसिद्ध रंगकर्मी विश्व दीपक त्रिखा ने किया। नाटक इंसान के अकेलेपन और वैचारिक द्वंद्व और रिश्तो में पैदा होने वाले विश्वास से उपजी निराशा की कहानी है,



नाटक पुरुषों के जीवन में स्त्री के महत्व को भी रेखांकित करता है। इस नाटक में एक व्यक्ति बार में बैठा अनजान लोगों को अपने जीवन की कहानी सुनाता है। भीड़भाड़ के बीच भी वह खुद को बेहद अकेला महसूस करता है। वह अपनी जिंदगी की घटनाएं परत दर परत दर्शकों से शेयर करने लगता है। असल में उसकी पीड़ा और अकेलेपन का मुख्य कारण उसकी पत्नी है जिसे वह बहुत प्यार करता है, उसे भरोसा था कि वह उसके बारे में सब कुछ जानता है क्योंकि उसकी पत्नी उससे कुछ भी नहीं छुपाती।

### राज की भनक नहीं होने दी

उसे पुलिस द्वारा दी गई प्रताड़ना की इतनी पीड़ा नहीं थी, जितनी इस बात से थी कि वह 18 साल से जिस पत्नी के साथ रह रहा है, उसने उसे अपनी जिंदगी के इतने बड़े राज की भनक तक नहीं लगने दी। नाटक में ललित खन्ना ने बेहतरीन अभिनेता का परिचय दिया और बेहद सहज भाव से विभिन्न परिस्थितियों को जीवंत बनाने में कामयाब रहे। मंचन के दौरान मुख्य अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी डॉक्टर आनंद शर्मा रहे। नाटक में सेट डिजाइनिंग मनीष खरे ने, संगीत और लाइट सिद्धार्थ सोर्स ने किया और प्रोडक्शन संभाल समीर शर्मा ने।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE


निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे इलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
ACCOUNTANT 1
RECEPTIONIST 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

JOIN CRASH/1YEAR COURSE
CUET
SCIENCE I HUMANITIES I COMMERCE I APTITUDE
IPM (5 Years MBA)
IIM Rohtak, Indore, Jammu, Ranchi, Bodhgaya
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

## खबर संक्षेप

### नेशनल स्पर्धा की स्वर्ण विजेता चेष्टा का स्वागत

**रोहतक।** गत दिनों अंडर-15 राष्ट्रीय महिला कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन धूम नोएडा में किया गया। इसमें चेष्टा ने स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का नाम देश में रोशन किया। हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव राकेश सिंह ने इन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर इनके कोच मंदीप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला चेष्टा व महाराष्ट्र की कस्तूरी के बीच हुआ था। जिसमें चेष्टा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कस्तूरी को 3-1 के अंतर से मात देकर स्वर्ण पदक जीता। कोच ने चेष्टा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ये एक दिन देश का नाम दुनिया में चमकाएगी।

### किशनगढ़ में एक घर से दो मोबाइल फोन चोरी

**महम।** कस्बा महम के साथ सटे किशनगढ़ गांव में रात को दो भाइयों के मोबाइल फोन चोरी हो गए। पुलिस को दी शिकायत में किशनगढ़ गांव निवासी अमित पुत्र नरेंद्र ने बताया कि वह और उसका भाई सुमित अपने घर में बनी बैठक में रात को सो रहे थे। सुबह पांच बजे जब वह और उसका भाई उठे तो उनके मोबाइल फोन वहां पर नहीं मिली। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्हें शक है कि गांव के ही बत्तख ने उनके मोबाइल फोन चोरी किए हैं। महम पुलिस ने बत्तख के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दयानंद मठ में मासिक वैदिक सत्संग कल

**रोहतक।** सत्यवान आर्य, कार्यालय अधीक्षक आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा ने बताया कि मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन 7 अप्रैल को सुबह पंडित जगदेवसिंह सिद्धान्ती भवन दयानन्द मठ में होगा, जिसके मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान डॉ. जगदीप आर्य (देहरादून) होंगे तथा आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के भजनोपदेशक सत्यपाल मधुर, बहन दया आर्या, विनोद आर्य, सत्यनारायण आर्य आदि अपने भजन प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम का संचालन सुभाष सांगवान प्रधान, वेदप्रचार मंडल जिला रोहतक करेंगे।

8 और 10 अप्रैल को फिर लगाए जाएंगे कैंप

# नगर निगम ने लगाए वार्डों में कैंप, कम लोग पहुंचे आवेदन करने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले प्रॉपर्टी धारकों की प्रॉपर्टी की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाने के लिए वार्डों में शुक्रवार को नौ जगह कैंप लगाए गए। जहां सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक लोगों के आवेदन लिए गए। ज्यादा प्रचार न होने की वजह से काफी कम संख्या में लोग आवेदन लेकर पहुंचे। हालांकि वार्ड 20 में कैंप शुरू नहीं हो पाया। वहीं अब कैंप 8 और 10 अप्रैल को लगाए जाएंगे। निगम आयुक्त अजय कुमार ने वीरवार को ही टैक्स ब्रांच की मीटिंग के दौरान यह आदेश जारी किए। उन्होंने कहा आमजन के सामने आ रही परेशानियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इसके लिए नगर निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है।

#### कन्हैली रोड सामुदायिक केंद्र में नहीं पहुंचे

वार्ड 20 स्थित कन्हैली रोड सामुदायिक केंद्र में प्रॉपर्टी आईडी ठीक करने के लिए पहुंचे लोगों को मौके पर कर्मचारी नहीं मिले। कर्मचारियों का कहना है कि ताला नहीं खुलने की वजह से वह आकर चले गए। जबकि लोग शिकायत करते रहे। वार्ड निवासी अशोक कुमार ने बताया कि साढ़े नो बजे वह यहां आए लेकिन यहां पर निगम का कोई कर्मचारी नहीं था। वार्ड निवासी रिटायर्ड एसडीओ सुशील लाठर ने बताया कि यहां कोई कर्मचारी नजर नही आया। पुराना हाउसिंग बोर्ड निवासी जसबीर कुमार ने बताया कि साढ़े 10 बजे प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने पहुंचे तो कोई नहीं मिला और सामुदायिक केंद्र पर ताला लगा मिला। वार्ड नं 20 के पूर्व पार्षद सूरजमल किलोई के पास लोगो ने फोन कर बताया कि कोई अधिकारी सामुदायिक केंद्र में मौजूद नही है। पूर्व पार्षद भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान निर्मला देवी, सुधीर शर्मा, रणबीर, कुलदीप, नीरज, पूनम, कोमल राम, दीपक, रंजीत सिंह मोहन उपस्थित रहे


रोहतक। कन्हेली रोड स्थित सामुदायिक केंद्र में कर्मचारी नहीं पहुंचने पर रोष जताते वार्ड निवासी, साथ में पूर्व पार्षद सूरजमल किलोई।

#### 10 अप्रैल को यहां लगाए जाएंगे कैंप

| वार्ड | स्थान |
|---|---|
| 3 | श्री राम धर्मशाला, नजदीक पुराना बस स्टैंड |
| 6 | सति भाई साई नाथ आश्रम, नजदीक पंजाबी शिव धर्मशाला गोहाना रोड |
| 10 | मोर वाली चौपाल, गांव खेड़ी साध |
| 15 | बाबा मूला संत मंदिर आर्य नगर |
| 22 | सरकारी स्कूल मैन अड्डा सुनारियां कलां |

#### 8 को यहां लगेंगे कैंप

| वार्ड | स्थान |
|---|---|
| 2 | सरकारी स्कूल इंद्रा कालोनी, नजदीक पानी का बूस्टर |
| 5 | अम्बेड़कर धर्मशाला, सलारा मौहल्ला |
| 10 | दादा बिशादे मंदिर बलियाणा गांव में |
| 11 | जाट भवन, सैक्टर 1 |
| 12 | तिलक नगर धर्मशाला, तिलक नगर |
| 14 | मातुराम कम्युनिटी सैंटर, गांधी नगर |
| 17 | श्री राम धर्मशाला, नजदीक पुराना बस स्टैण्ड |
| 19 | सनातन धर्म बारात घर, शिवाजी कालोनी |
| 21 | डॉ. भीम राव अम्बेड़कर पार्क, झज्जर चुंगी |

### दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख

# भिवानी स्टैंड पर हैंडलूम की दुकान में लगी आग, ऊपर सो रहा था परिवार

- दमकल टीम और पुलिस मामले की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भिवानी स्टैंड पर एक हैंडलूम की दुकान में रात को अचानक आग लग गई। जिस समय दुकान में आग लगी, उस समय परिवार के सदस्य दुकान के ऊपर ही मकान में सो रहे थे। सूचना प्राप्त होते ही परिवार के सदस्य नीचे उतरे और दमकल विभाग को सूचित किया। सूचना पाकर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। इस दौरान दुकान में करीब 35 लाख रुपये का नुकासान हुआ है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। वहीं, दमकल टीम व पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, दुकान के मालिक मनोज हैंडलूम का सामान बेचते हैं। रात को करीब आठ बजे वह दुकान को बंद करके ऊपर मकान में परिवार के साथ चला गया। रात को ही अचानक दुकान में उस समय आग लग गई, जब वह सोए हुए थे। उन्हें किसी ने सूचना दी कि उनकी दुकान में आग लगी हुई है। जैसे ही उन्हें आग की सूचना मिली, वह परिवार के साथ दौड़े और दमकल विभाग व पुलिस को सूचित किया। आग में करीब 35 लाख रुपये का सामान जलने का अनुमान लगाया जा रहा है।


रोहतक। आग लगने से जला दुकान का सामान।

#### जिला प्रशासन आर्थिक सहायता दे : बक्शी

सिविल रोड पर हुई आगजनी की घटना पर शोक व्यक्त करते हुए हेमंत बक्शी ने कहा कि आगजनी की ऐसी घटनाएं जहां दमकल विभाग की देरी की वजह से पीड़ित को भारी नुकसान का सामना करना पड़े, ऐसे मामलों में जिला प्रशासन को पीड़ित की आर्थिक सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि हम हर बार बजट से पहले सरकार और सरकारी व्यापारी संगठनों को व्यापारी के साथ होने वाली आगजनी या फिर भारी बारिश या पानी से होने वाली नुकसान जैसी घटनाओं के लिए बीमा योजना की मांग करते आए हैं। जिसे लेकर सरकार ने आज गंभीरता नहीं दिखाई।

#### फायर ब्रिगेड जरूरी : ईशपुनियानी



बड़ी चिंता का विषय है कि सरकारी नंबर 101 भी सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा और 112 नंबर पर डायल करने के बाद लगभग 45 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी आई। जब तक सब जलकर राख हो चुका था। रोहतक में पहले भी कई बार ऐसे हादसे हो चुके हैं। आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए हर शहर में मुख्य बाजारों के नजदीक छोटी फायर ब्रिगेड की गाड़ी हर हाल में खड़ी करनी चाहिए। फायर ब्रिगेड की छोटी गाड़ी भिवानी स्टैंड पर तथा दूसरी गाड़ी मॉडल टाउन डी पार्क के नजदीक अवश्य खड़ी करनी चाहिए ताकि भविष्य में चमेली मार्केट, शोरी मार्केट,किला रोड,रेलवे रोड,मॉडल टाउन, गांधी कैंप इत्यादि मुख्य बाजारों मैं आगजनी की घटना को रोकने के लिए गाड़ी तुरंत वहां पहुंच सके।

#### शार्ट सर्किट बताया जा रहा आग का कारण

हैंडलूम की दुकान के मालिक मनोज ने बताया कि रात को उन्हें फोन पर सूचना मिली थी कि उनकी दुकान में आग लगी हुई है। जब वह नीचे उतरे और दुकान में देखा तो आग की लपटें काफी तेज थी। उन्होंने दमकल विभाग को सूचना दी। लेकिन काफी देर बाद दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची, जिसके कारण लाखों का सामान जल चुका था। आग लगने के कारण दुकान की दीवार व छत भी क्षतिग्रस्त हो गई। उन्होंने सरकार व प्रशासन ने आर्थिक सहायता करने की गुहार लगाई। शोरी क्लॉथ मार्किट के प्रधान गुलशन ईशपुनियानी की अध्यक्षता में एक मीटिंग उनके कार्यालय में हुई। जिसमें वर्किंग बॉडी सदस्यों ने बीती रात भिवानी स्टैंड के निकट दक्ष हैंडलूम की दुकान में आग लगने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी समय पर ना पहुंचने पर गहरी चिंता व्यक्त की। ईशपुनियानी ने कहा कि रोहतक में किला रोड,रेलवे रोड, भिवानी स्टैंड, चमेली मार्केट इत्यादि मुख्य बाजारों में बीते दिनों में भीषण आगजनी की घटनाएं हो चुकी है।

# चित्रकार सदाराम ने निगम में अफसरों को पेंटिंग भेंट की


रोहतक। दोनों संयुक्त आयुक्त को पेंटिंग भेंट कर सम्मानित करते हुए विख्यात कलाकार सदाराम।

- बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए अधिकारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विख्यात पेंटिंग कलाकार सदाराम ने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय मलिक एवं अंकिता वर्मा से उनके कार्यालय में पेंटिंग भेंट कर अधिकारियों को सम्मानित किया। समाजसेवी जसबीर कुमार ने कहा कि वार्ड नंबर 19 और 20 में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल था अधिकारियों को जब इसकी लिखित में शिकायत दी गई तो दोनों अधिकारियों ने हमारे वार्डों की चरमराई सफाई व्यवस्था पर चिंता करके तुरंत प्रभाव से सफाई व्यवस्था का सुधारने का काम किया। सदाराम और जसबीर कुमार ने वार्ड वासियों की तरफ से उनका आभार प्रकट किया।

कलाकार सदाराम 74 साल की उम्र में अब तक 785 अच्छे काम करने वाले अधिकारियों एवं राजनेताओं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ,पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह, पूर्व राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया, बाबू परमानंद ,लोकसभा सांसद अरविंद शर्मा ,पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल ,चौधरी भजनलाल आदि को पेंटिंग भेंट कर चुके हैं।

हरियाणा सरकार ने अच्छी पेंटिंग बनने पर उनको 50 हजार की राशि भेंट कर सम्मानित किया था। महाराष्ट्र सरकार द्वारा भी वर्ष 2018 में उन्हें नटराज अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

# मॉडल स्कूल में नया सत्र शुरू

**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में नए सत्र की शुरुआत हुई। अध्यापकों ने तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया। विद्यार्थी नई पुस्तकों के साथ सुंदर यूनिफॉर्म में विद्यालय पहुंचे। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अजय कुमार, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, सचिव राजेश सहगल ने विद्यार्थियों के लिए नए सत्र की शुरुआत पर शुभकामना संदेश भेजा। प्रधानाचार्या डॉ . अरुणा तनेजा ने कहा कि सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने बालवाटिका और नर्सरी के विद्यार्थियों का मॉडल स्कूल परिवार में स्वागत किया तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उप-प्रधानाचार्या आशिता भांबरी ने भी नए सत्र की शुरुआत पर विद्यार्थियों का स्वागत किया।

### बैंसी गांव से 23 वर्षीय युवती लापता, केस दर्ज

**महम।** बैंसी गांव से एक 23 वर्षीय युवती लापता हो गई। युवती की मां ने लाखन माजरा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह, उसका पति और उसका बेटा किसी काम के लिए घर से बाहर गए हुए थे। घर पर उसकी पुत्रवधु और उसकी बेटी ही थे। उसकी बेटी सुबह किसी को बिना बताए घर से चली गई और अभी तक वह वापस घर नहीं लौटी है। युवती की मां ने पुलिस से उसकी बेटी को ढूंढने की गुहार लगाई है। पुलिस ने इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। युवती 12वीं पास है और पिछले तीन साल से घर पर ही रहती थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10 × 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# रंश किआ ने सोनेट का नया मॉडल लॉन्च किया


रोहतक। सोनेट की नई मॉडल गाड़ी को लांच करते राजिंदर बंसल (सीएमडी रंश किआ)।

**रोहतक।** रंश किआ में शुक्रवार को सोनेट का नया मॉडल राजिंदर बंसल (सीएमडी रंश किआ) द्वारा लांच किया गया। इसका नाम न्यू सोनेट, दी वाइल्ड, रिबोर्न है। सोनेट के इस नए मॉडल में बहुत ही यूनीक फीचर्स दिए गए हैं, यह पेट्रोल और डीजल दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है। किआ ने इसे 1.2 पेट्रोल इंजन में लांच किया है। इस गाड़ी की खासियत यह है कि इसमें बेस एचटीइ और सेकेंड एचटीके (ओ) मॉडल सनरूफ के साथ उपलब्ध है, जिसकी शुरुआती कीमत 8,19,000 है, नई सोनेट में ग्राहक की सेफ्टी का खास ध्यान रखा गया है, इस नए मॉडल के टॉप वेरिएंट में एडांस लेवल 2, 17 सेफ्टी फीचर्स के साथ दिया गया है। सेफ्टी के लिहाज से इस गाड़ी में शुरुआती मॉडल से ही 6 एयर बैग्स आते हैं। यह गाड़ी आठ लेटेस्ट कलर्स के साथ उपलब्ध है। नई सोनेट में पैनारोमिक डिस्प्ले दी गई है। गाड़ी में 360 डिग्री कैमरे के साथ-साथ 16 इंच के नए डिजाइन के एलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जो कि इस सेगमेंट की किसी भी गाड़ी में नहीं आते। इस गाड़ी का ग्राउंड क्लीरेंस 205 एमएम है, जो इस सेगमेंट में सबसे ज्यादा है। इस गाड़ी का फ्रंट और बैक लुक बहुत ही आकर्षक है। इस अवसर पर रंश किआ के डायरेक्टर रोहित बंसल, डायरेक्टर प्रीति बंसल, जीएम सेल्स देवेंद्र राव, गौरव अरोरा, मुकेश खत्री, संजय शर्मा, मनोज मालिक, स्टेट बैंक से नरेश मनचंदा, आदेश सक्सेना मौजूद रहे।

### नवीनतम अनुसंधान के नवविचार साझा किए

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग के कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिक विभाग द्वारा नेशनल कांफ्रेंस ऑन लेटेस्ट ट्रेंड्स इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कंप्यूटर विज्ञान के विभिन्न विषयों पर विशेष्यज्ञों और प्रोफेसरों द्वारा नवीनतम अनुसंधान के नव विचारों को सांझा किया गया।

संस्था प्रधान नवीन जैन ने कहा कि वैश्य कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग समाज को नया ज्ञान देने के लिए अग्रसर रहता है। गवर्निंग बॉडी सदस्य राजेश नवल ने कहा कि कॉलेज प्रशासन विद्यार्थियों और स्टाफ की तरक्की के लिए हर संभव काम करेगा।

गवर्निंग बॉडी सदस्य सन्नी गोयल ने कहा कि कॉलेज पढ़ाई के अलावा समाज के सभी क्षेत्रों पर भी पूरा ध्यान देता है। प्राचार्य व कॉन्फ्रेंस संरक्षक डॉ. दीपक गोयल ने कहा कि कॉलेज हमेशा शोध के विषयों पर चर्चा करता रहता है, ताकि समाज को नया ज्ञान मिलता रहे।

# नैतिकता व चुनौतियों से जागरूक किया

- मदवि में फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री पर कार्यशाला का 5वां दिन

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज तथा चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के संयुक्त तत्वावधान में- चैलेंजस एंड अपॉर्च्यूनिटीज इन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री विषयक कार्यशाला में शुक्रवार को पांचवें दिन सुबह के सत्र में क्यूएसडी फार्मूलेशन प्रा. लि., सोनीपत के सीईओ राजीव मोंगा ने फार्मास्युटिकल व्यवसाय की इनक्यूबेशन अवधि के दौरान नैतिकता और चुनौतियों बारे विद्यार्थियों को जागरूक किया। मोंगा ने विद्यार्थियों के साथ फार्मेसी के क्षेत्र में सफल उद्यमी बनने तथा खुद का व्यवसाय स्थापित करने के महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किए। इसके बाद के सत्र में एडवोकेट विकास परूथी ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। अरुण पांडे ने प्रो. हरीश दूरेजा के साथ पैनल डिस्कशन सत्र में शिरकत की और अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

दोपहर बाद के सत्र में डाबर इंडिया प्रा. लि. की सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. अनुभूति पसरीजा ने फार्मा इंडस्ट्री में प्रोफेशनल्स के लिए उभरते करियर आयामों बारे जानकारी दी। उन्होंने फार्मास्युटिकल्स के क्षेत्र में शोध कार्य में मशीन लर्निंग की महत्ता को रेखांकित किया। आज के समापन सत्र में सन फार्मा प्रा. लि., गुरुग्राम के डा. आशीष कुमार ने फार्मास्युटिकल सेक्टर में शोध और विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने फार्मास्युटिकल फार्मूलेशन की प्रक्रिया बारे भी विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी दी। प्रो. विकास बुधवार, प्रो. गोविंद सिंह, डॉ. पीके वर्मा, डॉ. मीनू भान ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया और आज आयोजित सत्रों की अध्यक्षता की। प्रो. हरीश दूरेजा, डा. नीता, डा. अनुराधा, डा. पूनम यादव तथा डॉ. अभिलाषा ने अतिथि वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए। शोधार्थी आंचल, लोकेश, कृतिका व अंजलि ने मंच संचालन किया।


रोहतक। कार्यशाला में उपस्थित फार्मेसी विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी।

### चुनाव में बीजेपी व जेजेपी उम्मीदवारों का विरोध करने का निर्णय

# सरकार की हठधर्मिता पर सेवानिवृत्त कर्मियों में रोष

- हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज रोहतक की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

शुक्रवार को मानसरोवर पार्क स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज रोहतक की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान रोहतक देवी सिंह देशवाल व कार्यकारी जिला प्रधान रोहतक व अतिरिक्त राज्य प्रधान महासचिव वीरेंद्र शर्मा ने की। मीटिंग में राज्य कार्यकारिणी के सदस्य राज्य प्रधान देवराज नांदल, चेयरमैन मेहर सिंह नैन, उपाध्यक्ष आनन्द स्वरूप, रामचंद्र शर्मा, दयानंद यादव, कोषाध्यक्ष तुहीराम शर्मा विषेश रूप से आमंत्रित थे। मीटिंग में वर्तमान सरकार के प्रति व सरकार की हठधर्मिता के लिए रोष प्रकट किया गया। क्योंकि हरियाणा स्टेट पेंशनर्स लगभग दो वर्षों से संघर्षरत है। पेंशनर्स ने हरियाणा के सभी विधायकों, सांसदों व मंत्रियों को ज्ञापन सौंपकर हरियाणा सरकार को अपनी मांगों से अवगत कराया। लेकिन सरकार ने इनकी मांगों पर आजतक कोई सुनवाई नहीं की। अब सभी पेंशनर्स सरकार को वोट की चोट देने के मूड में हैं। मीटिंग में सर्व सम्मति से फैसला लिया गया कि आगामी लोकसभा चुनावों में बीजेपी व जेजेपी उम्मीदवारो का डटकर विरोध किया जायेगा। जो सरकार को भारी पड़ेगा। बीजेपी व जेजेपी उम्मीदवारो का विरोध करने के लिए ओर लोगों को बीजेपी की जन विरोधी नितियों के बारे में जागरूक करने के लिए प्रदेश के 22 जिलों में कमेटियों का गठन किया जाएगा। राज्य प्रधान देवराज नांदल, चेयरमैन मेहर सिंह नैन व कार्यकारिणी के सदस्यों ने रोहतक में कमेटियों का गठन की शुरुआत कर दी। रोहतक में दो प्रकार की कमेटी बनाई गई है जिसमें पुरुष वर्ग में राज्य प्रधान देवराज नांदल, चेयरमैन मेहर सिंह नैन, महासचिव ईश्वर सिंह सैनी, अतिरिक्त राज्य प्रधान महासचिव वीरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष तुहीराम शर्मा व जिला प्रधान देवी सिंह देशवाल के साथ - साथ ब्लाक स्तर पर भी कमेटी बनाई गई है व महिला विंग में निर्मल बल्हारा,धनपति हुड्डा, रामरती, निर्मल राणा, रोशनी हुड्डा, धर्म कौर की कमेटी बनाई गई है। मीटिंग में जिला रोहतक कार्यकारिणी के सदस्यों में शमशेर सिवाच, ऋषि देव रोहिल्ला, धर्मवीर सैनी सहदेव सिंह, मांगे राम शर्मा को भी कमेटीयो में शामिल किया गया है। बैठक में जींद से भल्ले राम बूरा, झज्जर से जिला प्रधान राजबीर सिंह व सतीश शर्मा, चंद्रभान शर्मा के साथ - साथ रोहतक के सैकड़ों पेंशनर्स मौजूद थे। मंच संचालन ईश्वर सिंह सैनी व शमशेर सिवाच ने किया।




### प्रदेश के 13 मुक्केबाजों ने जीते अपने मुकाबले

**रोहतक।** राजीव गांधी राज्य स्तरीय खेल परिसर स्थित राष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी में खेली जा रही कम्बाइनड टेलेंट हंट जूनियर ब्याॅज बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शुक्रवार को 26 बाऊट खेली गई। इनमें से आधा मुकाबले अकेले हरियाणा के बॉक्सर ने जीते लिए।

अकादमी की तरफ जारी किए गए रिजल्ट में हरियाणा के अक्षय बधवार ने तमिलनायडू के ए अविनाश को, इसी भारवर्ग के दूसरे मुकाबले में उत्तराखंड के प्रियांशु वर्मा ने तमिलनायडू के तनिश के को, 46-48 में चंडीगढ़ के हर्ष ने आंध्र प्रदेश के वी मुराज को और महाराष्ट्र के मल्हर अरूणाचल के टागे जोंगलू को, 48-50 में हरियाणा के जतिन ने यूपी के पास साहू को और झारखंड के शिवम दूबे ने राजस्थान के टीकम सिंह को, 50-52 में हरियाणा के पीयूष ने चंडीगढ़ के दक्ष को पराजित किया।